फैसले मनमर्जी नहीं सहमति से : ज्ञानेश

- चुनाव आयोग कहा कि सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं
- ईसी ने संधू और जोशी ने फैसलों पर आपत्ति जताई थी.



नई दिल्ली, 23 सितंबर. मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर देश के कई राज्यों में चल रहे विवाद को लेकर आयोग ने प्रेस कांफ्रेंस की है. चुनाव आयोग ने मतभेद से इनकार किया.

रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दो अन्य चुनाव आयुक्तों के बीच एसआईआर से जुड़े कुछ फैसलों को लेकर असहमति थी. यह भी कहा गया कि दो चुनाव आयुक्तों ने लगातार कई बैठकों में प्रक्रिया पर आपत्ति जताई. हालांकि, अब भारत निर्वाचन आयोग ने इन खबरों को खारिज कर दिया है. आयोग के मुताबिक, एसआईआर से जुड़े सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं और आयोग में किसी तरह का मतभेद नहीं है. आयोग के सूत्रों ने बुधवार को कहा कि एसआईआर समेत सभी फैसले तीनों चुनाव आयुक्तों की सहमति से लिए गए हैं.

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार और दोनों चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी की मंजूरी से सभी फैसले सर्वसम्मति से हुए हैं.

ईसीआई सूत्रों के मुताबिक, हालांकि किसी भी मुद्दे पर चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की व्यक्तिगत राय अलग-अलग हो सकती है, लेकिन एसआईआर सहित भारत निर्वाचन आयोग के सभी फैसले सर्वसम्मति से लिए गए हैं और इनमें दोनों चुनाव आयुक्तों और मुख्य चुनाव आयुक्त की सहमति रही है.

रिपोर्ट में दावा किया गया था कि चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने कई फैसलों और आदेशों पर आपत्ति जताई थी. रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच दोनों आयुक्तों ने कम से कम 14 बार लिखित आपत्तियां दर्ज कीं.

भाजपा ने ईसी का बचाव करते हुए विपक्षी दलों पर किया पलटवार



चुनाव आयोग के भीतर आंतरिक मतभेदों को लेकर मचे राजनीतिक बवाल के बीच भाजपा ने विपक्षी दलों पर पलटवार किया है. चुनाव आयोग में एसआईआर और मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने-हटाने को लेकर दो चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी द्वारा पिछले 10 महीनों में 14 बार औपचारिक आपत्तियां दर्ज कराने की खबर आने के बाद विपक्ष द्वारा मुख्य चुनाव आयुक्त व सरकार पर निशाना साधा गया है.

कांग्रेस ने मुख्य चुनाव आयुक्त पर साधा निशाना



कांग्रेस प्रवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी ने भारतीय चुनाव आयोग के भीतर मचे आंतरिक असंतोष को लेकर केंद्र सरकार और मुख्य चुनाव आयुक्त पर आरोप लगाते हुए कहा है कि संस्था की स्वतंत्र रूप से काम करने की क्षमता खत्म हो चुकी है. विवाद रिपोर्ट के बाद सामने आया है, जिसमें दावा किया गया है कि देश के दो अन्य चुनाव आयुक्तों सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी ने चुनाव आयोग की विशेष गहन पुनरीक्षण यानी एसआईआर प्रक्रिया और फॉर्म 6 में बदलाव को लेकर गंभीर आपत्तियां दर्ज कराई हैं.

पक्ष बिना जाने निर्णय लेना गलत

सुप्रीम कोर्ट ने लिया संज्ञान : तीन जजों की बेंच की निगरानी में मामले की जांच

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 23 सितंबर. महिला की सलवार उतारने की कोशिश और उसके सीने को दबाने की घटना को रेप की कोशिश नहीं मानने वाले पटना हाई कोर्ट के फैसले पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है.

सुप्रीम कोर्ट ने मामले पर स्वत: संज्ञान लिया है. चीफ जस्टिस सूर्य कांत की अध्यक्षता वाली 3 जजों की बेंच ने कहा कि इस मामले के तथ्यों को देखा जाएगा. बेंच ने यह भी कहा कि हाई कोर्ट के फैसलेह्य में कुछ आपत्तिजनक टिप्पणियां हैं.

सुनवाई के दौरान चीफ जस्टिस ने कहा, 'हम आरोपी को सुने बिना हाई कोर्ट के फैसले को रद्द नहीं कर सकते.' उन्होंने सुनवाई में मौजूद बिहार के



एडवोकेट जनरल एस डी संजय से कहा कि वह आरोपी तक नोटिस पहुंचाना सुनिश्चित करें. इसके लिए स्थानीय पुलिस की मदद ली जाए.सुप्रीम कोर्ट ने पटना हाई कोर्ट के जिस फैसले पर संज्ञान लिया है, वह 9 जुलाई को आया था. हाई कोर्ट के जस्टिस पूर्णेंदु सिंह ने एक व्यक्ति की अपील मंजूर करते हुए उसे रेप की कोशिश के आरोप से बरी कर दिया था.

महिला की गरिमा भंग है, लेकिन रेप की कोशिश नहीं

हाई कोर्ट ने कहा था कि इन घटनाओं से महिला की गरिमा भंग करने का अपराध बनता है, लेकिन रेप की कोशिश का अपराध साबित नहीं होता. कोर्ट ने कहा था कि रेप की कोशिश साबित करने के लिए ऐसे साफ गतिविधि होनी चाहिए जो रेप की मंशा दिखाए. हाई कोर्ट ने आरोपी सजा रद्द कर दी.सुप्रीम कोर्ट के सामने यह मामला वरिष्ठ वकीलों शोभा गुप्ता और एच एस फुल्का ने उठाया. उन्होंने जजों का ध्यान आकर्षित किया कि फरवरी में सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाई कोर्ट के एक ऐसे फैसले को रद्द किया था. हाई कोर्ट ने नाबालिग लड़की के स्तन पकड़ने, पायजामे की डोरी तोड़ने कोशिश को रेप की कोशिश नहीं माना था.

एक नजर में

गृह मंत्रालय ने 59 हजार शिकायतों का निपटारा किया

नई दिल्ली, 23 सितंबर. केंद्रीय गृह मंत्रालय ने नवंबर 2025 से अगस्त 2026 के बीच 59 हजार से जन शिकायतों और अपीलों का निपटारा किया है. गृह मंत्रालय ने कहा कि मंत्रालय ने लंबित मामलों को कम करने और कार्यस्थल का माहौल बेहतर बनाने की सरकार की पहल के तहत प्रशासनिक लंबित मामलों को निपटाने के प्रयास तेज किए हैं. आंकड़ों के अनुसार, इस अवधि में 52,050 जन शिकायतों और 7,410 अपील का निपटारा किया गया. इसके अलावा सांसदों से मिले 299 संदर्भों, राज्य सरकारों से मिले 336 और प्रधानमंत्री कार्यालय से मिले सात संदर्भों का भी निपटारा किया गया.

भारत के मामले में गैरजरूरी टिप्पणी न करें : एमईए

नई दिल्ली, 23 सितंबर. भारत ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी) की जम्मू-कश्मीर को लेकर की गई टिप्पणी को खारिज करते हुए उसे बेबुनियाद और गैरजरूरी करार दिया है. बुधवार को इस पर कड़ी प्रतिक्रिया देते हुए विदेश मंत्रालय (एमईए) ने उसे अनुचित और तथ्यों से परे बताया है. इसके साथ ही समूह को सलाह दी कि वो पाकिस्तान को अपनी करतूतों पर लगाम लगाने के लिए प्रेरित करे. विदेस मंत्रालय ने इसे लेकर बयान जारी किया. इसमें कहा, 'भारत, जम्मू-कश्मीर पर तथाकथित ओआईसी कॉन्टैक्ट ग्रुप के संयुक्त बयान में भारत के बारे में की गई गैर-जरूरी और तथ्यों के लिहाज से गलत टिप्पणियों को पूरी तरह से खारिज करता है.

सूरत में कर्मचारी ने 24 करोड़ का सामान फूंका

अहमाबाद, 23 सितंबर. गुजरात में सूरत के संगिनी टेक्सटाइल मार्केट में 9 सितंबर की रात भीषण आग लग गई थी. अब इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी के बाद चौंकाने वाला खुलासा हुआ है कि आग मार्केट में ही काम करने वाले एक अकाउंटेंट ने लगाई थी. आरोपी की पहचान विनोद पंडित सावले (33 वर्ष) के रूप में हुई है. सूरत क्राइम ब्रांच की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने 10 हजार रुपए के बकाया वेतन को लेकर दो मालिकों से बदला लेने के लिए इस वारदात को अंजाम दिया था. इसके लिए वह 150 रुपए का पेट्रोल खरीदकर लाया था और दुकान के बाहर रखे कपड़ों के पार्सल में आग लगाकर फरार हो गया था. हालांकि, उसे इस बात का अंदाजा नहीं था कि इससे कई और दुकानदारों का भी करोड़ों का नुकसान हो जाएगा. आग ने मार्केट की 14 दुकानों को अपनी चपेट में ले लिया था. दो दुकानों से 30 हजार रुपए का वेतन मिलता था.

हस्तियों के ट्वीट



भारतीय अभिनेता रणदीप हुड्डा ने नेशनल अवॉर्ड मिलने के बाद सोशल मीडिया एक्स पर भावुक पोस्ट साझा किया. उन्होंने फिल्म की पूरी टीम और अपने परिवार का आभार जताया. रणदीप ने लिखा कि जब कोई व्यक्ति अपने काम में पूरी तरह डूब जाता है, तो उसका उद्देश्य हर पल अपना सर्वश्रेष्ठ देना होता है. ऐसे में काम करने का अवसर मिलना ही सबसे बड़ा इनाम होता है. उन्होंने बताया कि अवॉर्ड लेने के लिए मंच पर जाने से पहले का पल उनके लिए बेहद खास था. यह सम्मान उन सभी लोगों के लिए है, जिन्होंने फिल्म बनाने में दिन-रात मेहनत की. उन्होंने 25 वर्षों से मिले दर्शकों के प्यार और समर्थन के लिए भी आभार जताया. परिवार के साथ यह पल साझा करना उनके लिए यादगार रहा.



बौद्ध धर्म के आध्यात्मिक नेता दलाई लामा ने सोशल मीडिया एक्स पर जीवन जीने का मतलब बताया. उन्होंने पोस्ट साझा करते हुए कहा कि महत्वपूर्ण यह नहीं है कि कोई व्यक्ति कितने लंबे समय तक जीता है, बल्कि यह है कि वह अपना जीवन कितना सार्थक बनाता है. दलाई लामा ने कहा कि सार्थक जीवन का अर्थ केवल पैसा और शोहरत जमा करना नहीं है, बल्कि अपने साथी इंसानों की सेवा करना है. उन्होंने लोगों से अपनी क्षमता के अनुसार दूसरों की मदद करने की अपील की. साथ ही कहा कि यदि किसी की मदद करना संभव न हो, तो कम से कम उसे नुकसान नहीं पहुंचाना चाहिए. उनके मुताबिक, दूसरों के प्रति मदद और संवेदनशीलता ही जीवन को सार्थक बनाती है.

आज का इतिहास

1688 फ्रांस ने जर्मनी के खिलाफ युद्ध की घोषणा की थी.

1726 ईस्ट इंडिया कंपनी को बम्बई (मुंबई), कलकत्ता (कोलकाता) और मद्रास (चेन्नई) में नगर निगम और महापौर की अदालतें स्थापित करने का अधिकार दिया गया.

1789 अमेरिका में अटॉर्नी जनरल का कार्यालय सृजित किया गया.

1859 भारत के प्रथम स्वाधीनता संग्राम में अग्रणी भूमिका निभाने वाले महान क्रांतिकारी नाना साहेब (ढुंढू पंत) का निधन हुआ.

डायना की मौत पर खुश थे चार्ल्स

भाई का दावा- लगा जैसे लॉटरी जीत ली हो, पैलेस ने नकारा

एजेंसियां

लंदन, 23 सितंबर. प्रिंसेस डायना की मौत के करीब 29 साल बाद ब्रिटिश राजघराने से जुड़ा पुराना विवाद एक बार फिर सुर्खियों में है. डायना के भाई अर्ल चार्ल्स स्पेंसर की जल्द प्रकाशित होने वाली किताब में किंग चार्ल्स को लेकर किए गए दावे पर बकिंघम पैलेस ने सार्वजनिक प्रतिक्रिया दी है.

स्पेंसर का दावा है कि डायना की मौत के बाद चार्ल्स ने फोन पर गुस्से में उनसे बात की थी और कहा था कि लोग डायना को जल्द ही भूल जाएंगे. उनका व्यवहार ऐसा था मानों उन्होंने कोई लॉटरी



जीत ली हो. महल ने इस दावे को खारिज किया है. रिपोर्ट में स्पेंसर के हवाले से बताया गया है कि डायना की मौत के बाद उन्होंने तत्कालीन प्रिंस चार्ल्स से फोन पर बात की थी. बातचीत के दौरान उन्होंने अपनी बहन के बेटों विलियम और हैरी को अंतिम यात्रा में शामिल करने को लेकर अपनी आपत्ति जताई थी. इसके बाद चार्ल्स गुस्से में आ गए. स्पेंसर डायना के छोटे भाई हैं.

कानून के भीतर ही अधिकारों की करेंगे रक्षा

- निराश होने और डरने की जरूरत नहीं है :मदनी
- राष्ट्रपति से मिलकर उठाएंगे कानूनी कदम

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 23 सितंबर. नई दिल्ली में मौलाना महमूद असद मदनी की अध्यक्षता में जमीयत उलेमा-ए-हिंद की कार्यसमिति की बैठक में धार्मिक स्वतंत्रता, मॉब लिंचिंग, बुलडोजर ऐक्शन और मस्जिदों के साथ ही मदरसों के ध्वस्तीकरण जैसे मुद्दों पर संघर्ष का ऐलान किया गया.



जमीयत ने कहा कि वह इन मुद्दों को लेकर राष्ट्रपति से मिलेगा और कानूनी कदम उठाएगा. मौलाना महमूद असद मदनी ने कहा कि मुस्लिमों को निराश होने और डरने की जरूरत नहीं है. हमको संविधान के दायरे में रहकर अधिकारों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखना होगा.

राष्ट्रपति से करेंगे मुलाकात: जमीयत ने ऐलान किया कि उक्त मुद्दों पर राष्ट्रपति से मुलाकात के लिए समय मांगा जाएगा. यही नहीं प्रभावित लोगों की शिकायतें राष्ट्रपति के सामने रखी जाएंगी. साथ ही संबंधित संवैधानिक और कानूनी मंचों का भी सहारा लिया जाएगा ताकि प्रभावितों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रभावी कानूनी कदम उठाए जा सकें.

मस्जिदों, मदरसों के ध्वस्तीकरण पर ऐलान

बैठक में मौलिक अधिकारों, धार्मिक स्वतंत्रता, शरीअत में दखलंदाजी की कोशिशों और धार्मिक स्थलों, मस्जिदों, मदरसों के ध्वस्तीकरण से जुड़े मुद्दों पर चर्चा के साथ इन्हें उच्च संवैधानिक स्तर पर उठाए जाने का ऐलान किया गया. बैठक में विभिन्न राज्यों में धार्मिक अधिकारों से जुड़ी स्थिति, मॉब लिंचिंग, बुलडोजर ऐक्शन, मस्जिदों और मदरसों के ध्वस्तीकरण के मुद्दों पर गहरी चिंता जताई गई. फैसला लिया गया कि इन मुद्दों को लेकर संविधान के दायरे में संघर्ष जारी रखा जाएगा.

जिनपिंग के लिए परंपरा तोड़ेंगे डोनाल्ड ट्रंप

पहली बार कोई अमेरिकी राष्ट्रपति एयरफोर्स बेस पर करेगा स्वागत

एजेंसियां

वॉशिंगटन, 23 सितंबर. चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग अमेरिकी दौरे पर जाने वाले हैं, ऐसे में यूएस प्रेसिडेंट डोनल्ड ट्रंप खुद उनका स्वागत करेंगे. ट्रंप ने सालों तक अमेरिकियों से कहा है कि चीन अमेरिका का फायदा उठा रहा है. ट्रंप ऐसी जगह जाएंगे जहां पहले कोई अमेरिकी राष्ट्रपति नहीं गया.

वह वॉशिंगटन डीसी के बाहर एंड्रयूज एयर फोर्स बेस जाएंगे और जिनपिंग का तीन दिन के दौरे के लिए व्यक्तिगत रूप से स्वागत करेंगे. इस दौरान वह टैरिफ लगाने वाले कड़े नेता की छवि छोड़कर



एक विनम्र स्वागतकर्ता की भूमिका में नजर आएंगे. इस नजारे पर सबकी नजर होगी. दरअसल, डोनाल्ड ट्रंप आज बुधवार को शी जिनपिंग की मेजबानी करेंगे. दोनों नेताओं की इस साल मई के बाद यह दूसरी मुलाकात होगी. इस बैठक में दोनों देशों के बीच कई अहम मुद्दों पर चर्चा होने की उम्मीद है. अमेरिका और चीन के बीच व्यापार, ईरान और ताइवान जैसे मुद्दों को लेकर तनाव बना हुआ है.

ईडी के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर की सियासी एंट्री

चंडीगढ़. प्रवर्तन निदेशालय के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर निरंजन सिंह और पूर्व डीएसपी बलविंदर सेखों बुधवार को अकाली दल वारिस पंजाब दे में शामिल हुए हैं. दोनों ने चंडीगढ़ में अमृतपाल के पिता तरसेम सिंह और विधायक मनप्रीत अयाली की उपस्थिति में पार्टी सदस्यता की ग्रहण की. बता दें कि पंजाब के खडूर साहिब से सांसद अमृतपाल सिंह अकाली दल वारिस पंजाब दे का प्रमुख है. निरंजन सिंह ईडी में रहते हुए कई हाई-प्रोफाइल और चर्चित मामलों की जांच का हिस्सा रहे हैं. उन्होंने ड्रग्स केस में शिरोमणि अकाली दल के नेता बिक्रम सिंह मजीठिया से भी पूछताछ की थी.

ट्रंप ने हमें आतंकी कहा, लेकिन हम खुद आतंकवाद से पीड़ित

- ईरान के राष्ट्रपति ने यूएन में ट्रंप को फटकारा
- अमेरिका और इजराइल ने एक साथ किया हमला

वांशिगटन, 23 सितंबर. ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियान ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में अमेरिका और इजरायल पर तीखा हमला बोला. अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से ईरान को आतंकवाद से जोड़ने पर पलटवार करते हुए पेजेश्कियान ने कहा कि ईरान खुद आतंकवाद का शिकार रहा है.

ट्रंप ने एक दिन पहले यूएन महासभा में ईरान को आतंकवाद का प्रमुख प्रायोजक बताते हुए उसके इकॉनमिक बायकॉट की अपील की थी. पेजेश्कियान ने अपने संबोधन में यह भी कहा कि एटमी एनर्जी ईरान का हक है और ईरान अपनी आत्मरक्षा के लिए लड़ रहा है.

पेजेश्कियान ने कहा, 'कल ट्रंप ने हमें आतंकवादी बताया, जबकि हम आतंकवाद के शिकार



रहे हैं.' उन्होंने आरोप लगाया कि ईरान के निर्दोष नागरिकों को हमलों का निशाना बनाया गया. उन्होंने कहा, 'अमेरिका और इजरायल ने अत्याधुनिक तकनीक के साथ हम पर हमला किया. उन्होंने हमें निशाना बनाया, लेकिन हमने घुटने नहीं टेके. हमने पूरी ताकत से अपना बचाव किया. ईरान अपनी आत्मरक्षा कर रहा है. 'ईरानी राष्ट्रपति ने इजरायल पर भी गंभीर आरोप लगाए. उन्होंने कहा कि इजरायल अलग-अलग शहरों और प्रांतों में इलाकों को निशाना बनाता है और हत्याएं करता है. गाजा का जिक्र करते हुए पेजेश्कियान ने दावा किया कि वहां 80 हजार से ज्यादा निर्दोष नागरिक मारे गए हैं.

ट्रंप ने आर्थिक दबाव बनाने की थी अपील

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को न्यूयॉर्क में 81वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा को संबोधित करते हुए अमेरिका ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को निशाना बनाया है और उसकी सैन्य क्षमताओं को कमजोर किया है. उन्होंने दोहराया कि वाशिंगटन ईरान को परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देगा. उन्होंने ईरान को पूरी तरह से आर्थिक रूप से अलग-थलग करने की भी मांग की, जब तक कि वह कमर्शियल जहाजों पर हमले और जिसे उन्होंने आतंकवाद कहा है, उसे समर्थन देना बंद न कर दे. ट्रंप ने कहा कि ईरान समझौता नहीं करता है तो उस पर गंभीर सैन्य कार्रवाई की जाएगी.

भारत के एल्विन को 9 टुकड़ों में काटा

यूएई में नृशंस हत्या, 2 माह बाद बैग में मिला शव

अबू धाबी, 23 सितंबर. भारतीय नागरिक एल्विन प्रकाश कुंदर की अरब अमीरात के शारजाह में बेरहमी से हत्या कर दी गई है. मूल रूप से कर्नाटक के उडुपी के रहने वाले एल्विन प्रकाश की लाश 9 टुकड़ों में बरामद हुई है. जुलाई महीने में हुई इस वारदात का खुलासा दो महीने बाद हुआ है.

मौत का खुलासा तब सामने आया जब भारत में रह रहे एल्विन के परिवार ने उनकी गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई. इसके बाद खोजबीन शुरू हुई तो पता चला कि बीते जुलाई महीने में ही एल्विन की हत्या हो गई थी और उनका शव दो 9 टुकड़ों में कटा हुआ बरामद हुआ था. बॉडी के टुकड़े 2 बैग में भरे थे और एक कार में बंद थे. इधर एल्विन की पत्नी और उनका बेटा अब भी गायब हैं. रिपोर्ट के मुताबिक एल्विन प्रकाश कुंदर पिछले 14 सालों से शारजाह एयरपोर्ट पर नौकरी कर रहे थे. वे अपनी पत्नी टीना कुंदर और बेटे के साथ यूएई में रह रहे थे. उनकी पत्नी टीना वहां एक स्कूल में टीचर के रूप में काम कर रही थीं. वहीं बेटा दसवीं में पढ़ता था.

घटना के बाद से पत्नी-बेटा गायब

घटना के बाद से एल्विन की पत्नी टीना और बेटा गायब हैं. ऐसे में हत्या में उनकी भूमिका को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं. हालांकि परिवार का कहना है कि उन्हें पति-पत्नी के बीच किसी विवाद की जानकारी नहीं थी. अब एल्विन के भाई अनिल ने उडुपी के पुलिस अधीक्षक से मुलाकात कर मामले में हस्तक्षेप करने की अपील की है. वहीं परिवार यूएई में कानूनी प्रक्रियाएं पूरी होने का इंतजार कर रहा है ताकि एल्विन के पार्थिव शरीर को भारत लाया जा सके.

तकनीक फ्लोरिडा के जंगलों में अजगर के बढ़ते आतंक से निपटने के लिए वैज्ञानिकों की शानदार पहल

रोबोट को खरगोश समझकर बाहर निकलेंगे अजगर

नवभारत न्यूज नेटवर्क

फ्लोरिडा, 23 सितंबर. फ्लोरिडा के एवरग्लेड्स के जंगलों में विशालकाय अजगरों की आबादी बेकाबू हो चुकी है. ऐसे में उन्हें पकड़ने के लिए वैज्ञानिकों ने बहुत हैरतअंगेज तरीका निकाला है. इन अजगरों को पकड़ने के लिए सोलर-पावर्ड रोबोट खरगोश तैनात किए गए हैं.

इस हाई-टेक जाल को बिछाने का काम साउथ फ्लोरिडा वॉटर मैनेजमेंट डिस्ट्रिक्ट और फ्लोरिडा यूनिवर्सिटी ने मिलकर किया है. इन रोबोटिक खरगोशों की खासियत है कि ये असली



पायथन चैलेंज से बेहतर रोबोटिक खरगोश

रोबोटिक खरगोशों को तैनात करने के पहले से हर साल 10 दिनों का फ्लोरिडा पायथन चैलेंज भी आयोजित किया जाता रहा है. 2026 के चैलेंज में ही 30 राज्यों से आए 907 शिकारियों ने 280 अजगर पकड़े थे. हालांकि घने जंगलों और दुर्गम इलाकों में इंसानों का पहुंचना मुश्किल होता है, इसकी वजह से ही अब अजगरों को पकड़ने का काम खरगोश या फिर कहें कि रोबोटिक खरगोश कर रहे हैं. रिपोर्ट्स के मुताबिक(ये रोबोटिक खरगोश अजगरों को पकड़ने में इससे पहले अपनाए गए तमाम तरीकों से बेहतर भी साबित हो रहे हैं.

शिकार की तरह महक और हीट सिग्नेचर छोड़ते हैं. इसकी वजह से अजगर इनकी ओर खिंचे चले आते हैं. जैसे ही अजगर इन रोबोट्स के पास आते हैं, उनमें लगा एआई कैमरा अलर्ट भेज देता है और शिकारी उसे अजगर शिकार करने के लिए अपनी थर्मल सेंसिंग यानी कि गर्मी पहचानने की क्षमता और सूंघने की जबरदस्त शक्ति का इस्तेमाल कर ते हैं. रिसर्चर्स ने अजगर की इन्हीं खूबियों को अपना हथियार बनाया है. रिसर्चर्स के द्वारा तैनात किए गए रोबोटिक खरगोश किसी असल खरगोश की तरह शारीरिक गर्मी और गंध छोड़ते हैं. इससे अजगर असली और नकली का फर्क नहीं कर पाते. इन रोबोटिक खरगोशों में लगा एआई कैमरा हर तरफ नजर रखता है. जैसे ही कोई अजगर इनके करीब आता है, यह अजगरों को पकड़ने के लिए तैनात टीम को अलर्ट भेज देता है. इसके बाद ट्रेंड हंटर्स मौके पर पहुंचकर अजगर को पकड़ लेते हैं. ये रोबोटिक खरगोश सोलर-पावर्ड हैं. ऐसे में इनकी बैटरी नहीं बदलनी पड़ती और ये लगातार अजगर पकड़ने का काम करते रहते हैं. फ्लोरिडा के जंगलों में ये विदेशी अजगर 1970 के दशक में पहुंचे थे. आज ये स्थानीय जीवों के लिए काल बन चुके हैं. आज इनकी संख्या 1 से 3 लाख तक पहुंच चुकी है. ये अजगर 18 फीट से भी ज्यादा लंबे हो सकते हैं और मादा अजगर एक बार में 70 से ज्यादा अंडे दे सकती है.

एफटीए की ओर बढ़ा कनाडा

दिसंबर में पीएम मोदी का दौरा प्रस्तावित

नवभारत न्यूज़ नेटवर्क

नई दिल्ली, 23 सितंबर. भारत और कनाडा के बीच व्यापार समझौते को लेकर बातचीत तेजी से आगे बढ़ रही है. कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दिसंबर में कनाडा का दौरा कर सकते हैं. उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश साल के अंत तक व्यापार समझौते को अंतिम रूप दे सकते हैं.

न्यूयॉर्क में संयुक्त राष्ट्र महासभा के इतर पत्रकारों से बातचीत में कार्नी ने भारत-कनाडा संबंधों को बेहद महत्वपूर्ण बताया. उन्होंने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार वार्ता में अच्छी प्रगति हो रही है. मार्क कार्नी ने कहा कि भारत और कनाडा के बीच संबंध कई स्तरों पर बेहद महत्वपूर्ण हैं. इनमें लोगों के बीच संबंध, सुरक्षा के मुद्दे और व्यापार एवं आर्थिक रिश्ते शामिल हैं.

ट्रेड डील पर बातचीत तेज

कनाडा के प्रधानमंत्री का यह बयान ऐसे समय आया है जब केंद्रीय वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर बातचीत तेज करने की जानकारी दी थी. गोयल ने बताया था कि भारत और कनाडा ने वार्ता को तेजी से आगे बढ़ाने पर सहमति जताई है.

दिल्ली में जम्मू-कश्मीर का गैंगस्टर गुग्गा गिरफ्तार

जम्मू. जम्मू-कश्मीर के कुख्यात गैंगस्टर करणजीत गुग्गा को सात महीने की तलाश के बाद नई दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया है. जम्मू-कश्मीर पुलिस की टीम ने ऑपरेशन चलाकर उसे दबोचा. करणजीत गुग्गा इसी साल फरवरी में आरएस पुरा जुवेनाइल जेल से दो पाकिस्तानी कैदियों के साथ फरार हो गया था. इसके बाद गुग्गा करीब सात महीने तक पुलिस को चकमा देता रहा.जानकारी के मुताबिक, करणजीत गुग्गा 16 फरवरी को आरएस पुरा की जुवेनाइल जेल से दो पाकिस्तानी कैदियों के साथ फरार हुआ था. फरारी के बाद जम्मू-कश्मीर पुलिस ने तीनों की तलाश में कई राज्यों में अभियान चलाया.